भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 625

उत्तर देने की तारीख 04 दिसंबर, 2025

13 अग्रहायण, 1947 (शक)

लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान

625# श्री मदन राठौड़:

श्री बंशीलाल गुर्जरः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान (एलएनआईपीई) में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों, प्रवेश प्रक्रियाओं और गतिविधियों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने देश में खेल - संबंधित शिक्षा के विकास के लिए कोई कदम उठाए हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) देश में खेल-संबंधित शिक्षा के विकास हेतु राजस्थान में एलएनआईपीई के कितने केंद्र स्थापित किए गए हैं; और

(घ) विगत पांच वर्षों में सरकार द्वारा एलएनआईपीई को कितनी धनराशि जारी की गई है ?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान (एलएनआईपीई) में उपलब्ध विभिन्न पाठ्यक्रमों, प्रवेश प्रक्रियाओं और गतिविधियों का विवरण पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है और उसकी वेबसाइट http://www.lnipe.edu.in पर देखा जा सकता है।

(ख) 'खेल' राज्य का एक विषय होने के कारण, देश में खेल और खेल से संबंधित शिक्षा को बढ़ावा देने का प्राथमिक उत्तरदायित्व संबंधित राज्य और संघ राज्य क्षेत्र सरकारों का है। केंद्र सरकार इन प्रयासों में सहायता करने की एक पूरक भूमिका निभाती है। भारत सरकार ने खेल शिक्षा के संवर्धन और इसे समग्र विकास के एक महत्वपूर्ण पहलू के रूप में शामिल करने के लिए कई पहल की हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 और राष्ट्रीय स्कूली शिक्षा पाठ्यक्रम ढांचों (एनसीएफ-एसई) 2023 के अनुरूप स्कूलों में समग्र विकास के एक आवश्यक घटक के रूप में खेल और शारीरिक

गतिविधियों को एकीकृत करने पर बल दिया गया है। समग्र विकास को बढ़ावा देने हेतु, शिक्षा मंत्रालय के समग्र शिक्षा कार्यक्रम में एक समर्पित खेल और शारीरिक शिक्षा घटक की शुरुआत की गई है, जिसके तहत खेल उपकरणों की खरीद के लिए प्राथमिक स्कूलों को ₹5,000, उच्च प्राथमिक स्कूलों को ₹10,000 और माध्यमिक/वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों को ₹25,000 का वार्षिक अनुदान प्रदान किया जाता है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की सिफारिश के अनुसार, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने स्कूलों में स्वास्थ्य और शारीरिक शिक्षा को मुख्यधारा में लाने हेतु कक्षा I से XII तक के छात्रों के लिए स्वास्थ्य और शारीरिक शिक्षा (एचपीई) कार्यक्रम शुरू किया है।

खेलो भारत नीति-2025 में बचपन से शारीरिक साक्षरता प्रदान करने की परिकल्पना की गई है, जिससे यह एनईपी 2020 के अनुरूप एक केंद्रीय घटक बन गया है। देश में खेल शिक्षा को और बढ़ावा देने के लिए, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के तत्वावधान में कार्यरत विभिन्न संस्थान कई पाठ्यक्रम उपलब्ध कराते हैं जिनमें खेल, शारीरिक शिक्षा, खेल प्रबंधन, खेल कोचिंग और खेल विज्ञान में प्रमाण पत्र, डिप्लोमा, स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी कार्यक्रम शामिल हैं। ये पाठ्यक्रम राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय (एनएसयू), इम्फाल, मणिपुर; लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान (एलएनआईपीई), ग्वालियर, मध्य प्रदेश; लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा कॉलेज (एलएनसीपीई), तिरुवनंतपुरम, केरल; नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनएसएनआईएस), पटियाला, पंजाब जैसे विभिन्न संस्थानों और राष्ट्रीय खेल विज्ञान और अनुसंधान केंद्र (एनसीएसएसआर) स्कीम के अंतर्गत उपलब्ध हैं। इनका विवरण पब्लिक डोमेन में उपलब्ध हैं।

(ग) वर्तमान में राजस्थान राज्य में कोई एलएनआईपीई केंद्र नहीं हैं।

(घ) खेल विभाग ने विगत पांच वर्ष के दौरान एलएनआईपीई को कुल 268.85 करोड़ रुपये की राशि जारी की है।

****